an>

Title: Situation arising out of female foeticide in the Country.

श्री शैलेन्द्र कुमार : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे अति लोक महत्व के प्रश्न पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। पूरे देश में कन्या भ्रूण हत्या से भारत में लिंग अनुपात असंतुलित हो गया है, जिसके कारण भारत में सामाजिक विकृति पैदा हो गई है और निम्न जाति की गरीब लड़कियों की खरीद-फरोख्त इस समय जबरदस्त है। सीमा पार से तस्करी करके भी लड़कियों को लाये जाने के मामले बढ़ रहे हैं। इसके बाद इन लड़कियों को यौन दासी बनाकर रखा जाता है। पांच करोड़ के करीब कन्या शिशु लापता हो गई हैं या उन्हें गर्भ में मार दिया गया या जन्म के बाद उनकी हत्या हुई है। हिंदुस्तान टाइम्स में कल या परसों निकला था कि पंजाब में एक विदेशी मैडिकल किट आई है, जिससे अगर आप ब्लड ग्रुप टैस्ट कर लें तो प्रेगनैन्ट लेडी के पेट में मेल या फिमेल शिशु है, यह पता लग जाता है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि सरकार इसे गंभीरता से ले और पुत्री के जन्म, शिक्षा और शादी तक की जिम्मेदारी भारत सरकार को लेनी चाहिए। इसके अलावा पंजाब में एक मैडिकल टीम भेजी जाए और पता लगाया जाए कि कौन सी विदेशी किट आई है, जिससे ब्लड ग्रुप लेने से मेल, फिमेल का पता लग जाता है। सरकार को इस पर तुंत बैन लगाना चाहिए, ताकि भ्रूण हत्याओं पर रोक लग सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्रीमती जयाप्रदा (रामपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं इनके साथ अपने को सम्बद्ध करती हूं। भ्रूण हत्या एक लज्जाजनक बात है। इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए तथा दोषियों को सख्त से सख्त सजा देनी चाहिए। पंजाब में विदेशी मैडिकल किट आई है, उस पर बैन लगाने के लिए एक निगरानी कमेटी भेजी जाए।

श्रीमती उषा वर्मा (हरदोई) : सर, मैं भी अपने आपको इस मामले से सम्बद्ध करती हूं।

श्रीमती सी.एस. सुजाता (मवेलीकारा) : मैं भी अपने आपको इस मामले से सम्बद्ध करती हूं।

MR. SPEAKER: All of you are associating. The entire House is associating. Now, Shri Alok Kumar Mehta to speak.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Once I allowed a discussion. I do not mind allowing it. But I do not get any notice on subjects like this.

श्रीमती जयाप्रदा : सर, मुझे इस पर बहुत छोटी टिप्पणी करनी है।

MR. SPEAKER: No *Tippani* is allowed now. I will not allow any violation of the rules. आलोक मेहता जी, आप जल्दी बोलिये[b17]।